उत्तर प्रदेश शासन
आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-5
लखनऊ: दिनांक 10-09-2024

कार्यालय-ज्ञाप

उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण केन्द्रीयित सेवा के श्री आसिफ हुसैन, सहायक अभियन्ता (सिविल), गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को शासन के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-/693934/2024, दिनांक 16.07.2024 द्वारा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से बागपत-बड़ौत-खेकड़ा विकास प्राधिकरण में तैनात किया गया है, किन्तु श्री हुसैन द्वारा अभी तक नवीन तैनाती के प्राधिकरण में कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है।

2- उक्त के दृष्टिगत एतद्द्वारा श्री आसिफ हुसैन को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से स्वतः कार्यमुक्त करते हुए बागपत-बड़ौत-खेकड़ा विकास प्राधिकरण में कार्यभार ग्रहण करने हेतु निर्देशित किया जाता है।

3- उक्त अभियन्ता द्वारा नवीन तैनाती के विकास प्राधिकरण में कार्यभार ग्रहण न करने की स्थिति में शासन के आदेशों की अवहेलना मानते हुए श्री हुसैन के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करने पर विचार किया जायेगा, जिसके लिए सम्बन्धित अभियन्ता स्वयं उत्तरदायी होंगे।

Signed by
Udai Bhanu Tripathi
Date: 10-09-2024 10:15:05

(उदय भानु त्रिपाठी)
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद को इस आशय से प्रेषित कि उक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

(2) उपाध्यक्ष, बागपत-बड़ौत-खेकड़ा विकास प्राधिकरण, बागपत ।

(3) सम्बन्धित अभियन्ता को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वह नवीन तैनाती के विकास प्राधिकरण में कार्यभार ग्रहण कर सूचना शासन को तत्काल उपलब्ध करायें।

(4) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
उदय भानु त्रिपाठी
विशेष सचिव।